# ओमशान्ति मीडिया

मूल्यनिष्ठ समाज की रचना के लिए समर्पित

वर्ष -24 अंक - 24 मार्च -II-2022 (पाक्षिक) माउण्ट आबू Rs. 8.50


ब्रह्माकुमारीज़ मोहाली ने विश्व कैंसर दिवस पर आयोजित किया भव्य सेमिनार

ब्र.कु. डॉ. रमा ने कहा...

## राजयोग मेडिटेशन कैंसर उन्मूलन में बहुपयोगी

**कारण और निवारण पर हुई गहन चर्चा**

**मोहाली-पंजाब।** कैंसर की जानलेवा बीमारी गलत खानपान से सम्बंधित है जिससे ज़हरीले तत्व शरीर में इकट्ठे हो जाते हैं तथा तनाव बढ़ने के कारण लोग धूम्रपान व मद्यपान करने लगते हैं जिससे लीवर व अन्य तरह के कैंसर पैदा हो जाते हैं। प्रतिवर्ष कैंसर के कारण भारत में पंद्रह लाख लोग जीवन से हाथ धो बैठते हैं जिसमें मुख, गला, लीवर, दिल, गुर्दे आदि के साथ-साथ मलद्वार तक 50 तरह के कैंसर मनुष्य को घेर लेते हैं जिनसे जल्दी बचने की ज़रूरत होती है। उक्त विचार कैंसर विशेषज्ञ डॉ. बुद्धि सिंह यादव,प्रोफेसर, रेडियोलॉजी ऑन्कोलॉजी ने ब्रह्माकुमारीज़ के सुख शांति भवन फेज़ 7 में विश्व कैंसर दिवस पर आयोजित सेमिनार में व्यक्त किये। उन्होंने स्पष्ट किया कि पुरुषों में कैंसर अधिकतर 80-90 प्रतिशत तम्बाकू, शराब, गलत खानपान से मुह, गला, पेट, प्रोस्टेट, किडनी व महिलाओं में ब्रेस्ट, बच्चेदानी व



ब्लड कैंसर होता है जिससे बचने के लिए प्रतिदिन तीस से चालीस मिनट की सैर या व्यायाम, सही खानपान व जीवनशैली अपनाने की ज़रूरत है। राजयोगिनी ब्र.कु. रमा बहन ने कहा कि आज मानव गलत खानपान व नकारात्मकता के कारण होने वाले कई कैंसर जैसे रोग व चिंताओं से असुरक्षित महसूस करता है क्योंकि उसका मन शक्तिशाली नहीं है। राजयोग से उसका मन सशक्त बनाकर कैंसर के उन्मूलन में बड़ा योगदान हो सकता है। साथ ही उन्होंने राजयोग मेडिटेशन की गहन अनुभूति कराई। ब्र.कु. सुमन बहन ने राजयोग मेडिटेशन से प्राप्त शक्ति से कैंसर की बीमारी का सामना करते समय के अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि राजयोग से वह बहुत सकारात्मक बन आत्मविश्वास से भरपूर हो अपनी नौकरी, किचन व रोज़ाना के सभी कार्य करते इस रोग पर विजयी हुईं। ब्र.कु. अदिति बहन ने भी अपने विचार रखे। सेमिनार में दो सौ से अधिक लोगों ने भाग लिया।

## अपनेपन के साथ कर्त्तव्यनिष्ठ होकर करना होगा कार्य

**छतरपुर-किशोर सागर(म.प्र.)।** 'आज़ादी के अमृत महोत्सव से स्वर्णिम भारत की ओर' थीम के अंतर्गत ब्रह्माकुमारीज़ के समाज सेवा प्रभाग द्वारा आयोजित 'मानवता के संरक्षक' कार्यक्रम में स्थानीय सेवाकेन्द्र संचालिका एवं प्रभाग की ज़ोनल कोऑर्डिनेटर ब्र.कु. शैलजा बहन ने कहा कि आज भारत की जो स्थिति है, उसके ज़िम्मेवार भी हम ही हैं और भारत भूमि को स्वर्णिम भी हम ही बना सकते हैं। आध्यात्मिकता हमें अंदर से सशक्त बनाती है। भारत हमारी माँ है और हम उसके बच्चे हैं। तो हमें अपनेपन के साथ कर्त्तव्यनिष्ठ होकर कार्य करना होगा। उन्होंने अतिथियों को ब्रह्माकुमारीज़ के बीस प्रभागों द्वारा पूरे वर्ष भर होने वाले कार्यक्रमों से अवगत कराया। गंगा विचार मंच के राष्ट्रीय संयोजक डॉ. भरत पाठक ने कहा कि ब्रह्माकुमारी संस्थान की दिशा और दृष्टि दोनों आज़ादी के पहले से, संस्थान के संस्थापक दादा लेखराज जी के समय से ही तय है। और जब दिशा और दृष्टि तय हो तो हमें



केवल सहयोग करना है। उन्होंने संस्थान के मुख्यालय माउंट आबू के सोलार प्लांट का ज़िक्र करते हुए कहा कि सोलर ऊर्जा के प्रयोग से हम बहुत हद तक प्रदूषण को दूर कर सकते हैं। इसका शानदार उदाहरण माउंट आबू है। भारत रत्न-नाना जी देशमुख की दत्तक पुत्री एवं भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. नंदिता पाठक ने कहा कि जब से मैं इस संस्था के संपर्क में आयी हूँ, मुझे इनके काम करने के तरीके ने अभिभूत किया है। आज ऐसे सुंदर मौके पर हम सभी संकल्प लें कि अपने क्षेत्र में कोई गरीब व अशिक्षित न रहे। ब्र.कु. कल्पना बहन ने कॉमेन्ट्री के द्वारा मन में शुद्ध विचार उत्पन्न कर, उस संकल्प को धरती माँ को समर्पित करने का योगाभ्यास कराया। सभी ने मातृभूमि के लिए पत्र लिखकर अपनी भावनाएं प्रकट कीं एवं स्वर्णिम समाज बनाने के लिए सभी ने प्रतिज्ञाएं भी कीं। कार्यक्रम का संचालन ब्र.कु. रीना बहन ने किया। इस अवसर पर प्रिंट मीडिया और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के अलावा शहर के प्रतिष्ठित समाज सेवियों की गरिमामय मौजूदगी रही।

## बिना आध्यात्मिकता... भारत विश्व गुरू नहीं बन सकता

**कादमा-हरियाणा।** शहीद उधम सिंह जयंती एवं आज़ादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर ब्रह्माकुमारीज़ कादमा-झोझू के तत्वाधान में ग्रामीण पुस्तकालय तिवाला में किसान क्लब व हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में मुख्य अतिथि लोकसभा क्षेत्र के सांसद धर्मवीर सिंह ने कहा कि जिस समृद्ध, सुखी, गौरवशाली भारत के लिए शहीदों ने अपना सर्वस्व बलिदान दिया था, हम सबका भी यह दायित्व बनता है कि हम शहीदों के बताए हुए मार्ग पर चलकर समाज और राष्ट्र की उन्नति में अपना सकारात्मक योगदान दें। सांसद ने कहा कि नैतिक एवं आध्यात्मिक मूल्यों द्वारा समाज उत्थान के साथ शहीदों के मान-सम्मान में भी बहुत बड़ा योगदान दे रही है ब्रह्माकुमारी संस्था, जिसके कारण ही भारत पुनः सोने की चिड़िया विश्व गुरू बन सकता है। उप जिला मेडिकल अधिकारी डॉ. आशीष मान ने कोरोना वायरस से बचने के लिए वैक्सीन लगाने, मास्क का प्रयोग करने के लिए सभी को सचेत किया। राजयोगिनी ब्र.कु. वसुधा बहन ने कहा कि समाज व राष्ट्र में वास्तविक शांति, सुख, समृद्धि तभी संभव है जब हमारे विचार नेक हों, हम मिल कर के अपने सामाजिक दायित्व को पूरा करें। युवाओं



को संकल्पित होकर समाज की उन्नति के लिए के बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। मौके पर सामाजिक कार्यों में बहुमूल्य योगदान के लिए सांसद धर्मवीर सिंह व किसान क्लब सदस्यों ने ब्र.कु. वसुधा बहन को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम संचालन सामाजिक कार्यकर्ता विशन सिंह आर्य ने किया। रक्त दाताओं को स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस आयोजन में पुस्तकालय प्रबंधक राजबीर सांगवान, किसान क्लब अध्यक्ष सतपाल सांगवान, सचिव अशोक कुमार, समाजसेवी मास्टर संजू, हरपाल आर्य आदि का विशेष सहयोग रहा।

'आज़ादी के अमृत महोत्सव से स्वर्णिम भारत की ओर' अभियान के अंतर्गत आयोजित...

## ब्रह्माकुमारीज़ के 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' बाइक रैली का भव्य स्वागत

**माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने किया था वर्चुअली शुभारंभ**

**नई दिल्ली-एनसीआर।** 'आज़ादी के अमृत महोत्सव से स्वर्णिम भारत की ओर' अभियान के अंतर्गत ब्रह्माकुमारीज़ के मुख्यालय माउंट आबू से दिल्ली तक 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' लक्ष्य को लेकर बाइक रैली का आयोजन हुआ। देश के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा रैली को वर्चुअली हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। ब्रह्माकुमारीज़ और भारत सरकार के सांस्कृतिक व पर्यटन मंत्रालय के सहयोग से आयोजित बाइक रैली के ओ.आर.सी. पहुंचने पर ओआरसी की निदेशिका राजयोगिनी ब्र.कु. आशा दीदी एवं ब्र.कु. भाई-बहनों के द्वारा रैली का भावपूर्ण स्वागत हुआ। इसके पश्चात् बाइक रैली संस्था के कई स्थानीय सेवाकेन्द्रों पर निर्धारित कार्यक्रम के तहत पहुंची। रैली का पटौदी हरि मंदिर आश्रम में नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रभान सहगल की अगुवाई में स्वागत हुआ। इसके पश्चात् रैली मानेसर पहुंची। मानेसर में स्थानीय विधायक सत्य प्रकाश जरावता द्वारा बाइक रैली का स्वागत हुआ। साथ ही मानेसर इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सचिव ने रैली का हार्दिक अभिनन्दन किया। गुरुग्राम,खिड़की धौला में टोल प्लाज़ा के महाप्रबंधक, ओवरसीज़ कपनी के महानिदेशक सतीश, हरियाणा न्यूज़ के मुख्य संपादक एवं न्यूज़ रिपोर्ट्‌र्स के द्वारा भी बाइक रैली का भव्य स्वागत हुआ। गुरुग्राम में अनेक सेवाकेन्द्रों पर भी रैली के स्वागत और सम्मान में विशेष कार्यक्रम आयोजित हुए। तत्पश्चात् बाइक रैली अपनी वापसी यात्रा पर ओ.आर.सी. से आबू रोड के लिए रवाना हुई। दस सदस्यीय बाइक रैली में मुख्य रूप से संस्था के आबू रोड स्थित इंडिया वन सोलर थर्मल प्लांट के डायरेक्टर ब्र.कु. जयसिम्हा, संस्था के खेल प्रभाग के राष्ट्रीय संयोजक ब्र.कु. जगबीर, संस्था के गॉडलीवुड स्टूडियो के फिल्म मेकर ब्र.कु. वेंकटेश, ब्र.कु. प्रदीप, ब्र.कु. ऋषि, ब्र.कु. मंजूनाथ एवं ब्र.कु. हनुमंत सम्मिलित हुए।

